>

Title: Need to accelerate the pace of development of Bilaspur city, Chhattisgarh as a Smart City-laid.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): माननीय नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने बिलासपुर शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, इसके लिए बिलासपुर वासियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद । परंतु छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार बिलासपुर को स्मार्ट सिटी बनाने, कार्यों में तेजी लाने हेतु गंभीर नहीं है । जिसके कारण इस महत्वाकांक्षी योजना के कार्यान्वयन में अत्यधिक विलंब हो रहा है ।

बिलासपुर छत्तीसगढ़ का दूसरा बड़ा शहर है, यहाँ छत्तीसगढ़ का उच्च न्यायालय, रेलवे का जोनल मुख्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय, एस.ई.सी.एल. का मुख्यालय, एन.टी.पी.सी. जैसी संस्थाएं स्थित है , साथ ही यह पौराणिक एवं सांस्कृतिक महत्व का शहर है I अतः मैं भारत सरकार से बिलासपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने हेतु कार्यों में तेजी लाने की मांग करता हूँ ।